Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा- सातवीं  शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द) पृष्ठ-124
(लिंग पृष्ठ-57-58) (1 से 35 तक)
पुस्तक- वीवा हिंदी व्याकरण-7

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा सातवीं की हिंदी व्याकरण की पुस्तक 'वीवा' के पृष्ठ-124 पर लिखे 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के विषय में पढ़ेंगे। यह कार्य आपको 22 जुलाई, 24 को भेजा जा रहा है। अब मैं वाक्यांश के लिए एक शब्द के बारे में समझाऊँगी। आइए! कुछ उदाहरण वार्तालाप के रूप में जोकि एक माँ और बेटी के बारे में है। ध्यान से पढ़ो।

बेटी- माँ, मेरी सखी बहुत मीठा बोलती है। वह अच्छे आचरण वाली है।

माँ- इसका अर्थ यह हुआ कि वह मृदुभाषी और सदाचारी है।

बेटी- वह मेरी ऐसी सखी है जिस पर विश्वास किया जा सकता है। ईश्वर उसे लंबी आयु दे।

माँ- हाँ, वह विश्वसनीय है। वह दीर्घायु हो।

बच्चो, इस वार्तालाप में आप देख रहे हैं कि कई बार अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए पूरा एक वाक्य बोलने के स्थान पर एक ही शब्द पर्याप्त होता है। इससे हमारी भाषा सुगठित और सुंदर बनती है तथा कथन भी प्रभावशाली हो जाता है; जैसे ऊपर वाक्य में मेरी सखी मीठा बोलती है, के स्थान पर मेरी सखी मृदुभाषी है, ज़्यादा प्रभावशाली है। इस प्रकार- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द या वाक्यांश के लिए एक शब्द कहलाते हैं।

अब पुस्तक में दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखेंगे व पढ़ेंगे।



Scanned with CamScanner

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा पृष्ठ-
विषय - हिंदी व्याकरण ( अनेक शब्दों के लिए एक शब्द )(124)
(लिंग पृष्ठ-57-58) (1 से 35 तक)

(क)

| | |
|---|---|
| 1. जो कभी न मरे | अमर |
| 2. जो कभी बूढ़ा न हो | अजर |
| 3. जिसकी उपमा न दी जा सके | अनुपम |
| 4. जिसके समान कोई दूसरा न हो | अद्वितीय |
| 5. जो बात कही न गई हो | अनकही |
| 6. जिसका निर्णय न हो | अनिर्णीत |
| 7. जिसे गिना न जा सके | अगणित / असंख्य |
| 8. दूर की सोचने वाला | दूरदर्शी |
| 9. दूर की न सोचने वाला | अदूरदर्शी |
| 10. जहाँ जाना सरल हो | सुगम |
| 11. जहाँ जाना कठिन हो | दुर्गम |
| 12. जो कहा न जा सके | अकथनीय |
| 13. जिसका वर्णन न किया जा सके | अवर्णनीय |
| 14. जो प्रशंसा के योग्य हो | प्रशंसनीय |
| 15. ईश्वर में विश्वास रखने वाला | आस्तिक |
| 16. ईश्वर को न मानने वाला | नास्तिक |
| 17. जो बिना वेतन लिए काम करे | अवैतनिक |
| 18. संगीत का ज्ञाता | संगीतज्ञ |
| 19. गणित का ज्ञाता | गणितज्ञ |
| 20. जिसे किसी विषय का विशेष ज्ञान हो | विशेषज्ञ |
| 21. व्याकरण का ज्ञाता | वैयाकरण |
| 22. ऊपर लिखा हुआ | उपरिलिखित |
| 23. ऊपर कहा गया | उपर्युक्त |
| 24. देखने वाला | दर्शक |
| 25. बोलने वाला | वक्ता |

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द) पृष्ठ 124
पृष्ठ - 125 ) (लिंग पृष्ठ - 57-58 )

| | | |
|---|---|---|
| 26. | सुनने वाला | श्रोता |
| 27. | समाचार पढ़ने वाला | समाचार वाचक |
| 28. | साथ काम करने वाला | सहकर्मी |
| 29. | साथ पढ़ने वाला | सहपाठी |
| 30. | जो उपकार को मानता हो | कृतज्ञ |
| 31. | जो उपकार को न माने | कृतघ्न |
| 32. | जो कल्पना से परे हो | कल्पनातीत |
| 33. | तेज़ बुद्धि वाला | कुशाग्रबुद्धि |
| 34. | कम खर्च करने वाला | मितव्ययी |
| 35. | अधिक खर्च करनेवाला | अपव्ययी / खर्चीला |

बच्चो ! आपने पृष्ठ - 124-125 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पढ़ और समझ लिए हैं। इस कराए गए कार्य को आप अपनी हिंदी व्याकरण की अभ्यास-पुस्तिका में सुंदर लेख में लिखोगे।

(ख) लिंग :- बच्चो! अब मैं आपको लिंग शब्दों को पढ़ाऊँगी व समझाऊँगी। सब बच्चे अपनी पुस्तक के पृष्ठ - 57 - 58 पर दिए लिंग परिवर्तन को देखेंगे।
अब मैं आपको कुछ उदाहरणों के माध्यम से लिंग भेद के विषय में समझाऊँगी। निम्नलिखित वाक्य देखें, पढ़ें व समझें।

* मेरे दादाजी अखबार पढ़ रहे हैं और दादी जी टहल रही हैं।
* मेरा भाई खेल रहा है और बहन पढ़ रही है।
* हमारे घर पर चाचाजी और चाचीजी आए हैं।

ऊपर के वाक्यों में दादा जी, भाई और चाचाजी पुरुष जाति के हैं और दादीजी, बहन और चाची जी स्त्री जाति के हैं।

कक्षा- सातवीं सुमनशर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द और लिंग)
पृष्ठ-124-125 (लिंग 57-58)

इस प्रकार बच्चो!
शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्रीजाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं। लिंग दो प्रकार के होते हैं।
1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग।

1. पुल्लिंग :- जो संज्ञा शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं; वे पुल्लिंग शब्द कहलाते हैं; जैसे- पहाड़, पिता, चंद्रमा, पेड़, सोना, लुहार, धोबी आदि।

* बच्चो, कुछ शब्द सदैव पुल्लिंग प्रयुक्त होते हैं, जैसे- कछुआ, गरुड़, खरगोश, खटमल, तोता, पक्षी, बिच्छू, मच्छर, कौआ आदि।

2. स्त्रीलिंग :- जो संज्ञा शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे:- कोयल, माता, रोटी, भाभी, चुहिया आदि।

* बच्चो, कुछ शब्द सदैव स्त्रीलिंग प्रयुक्त होते हैं; जैसे- मछली, तितली, कोयल, मैना, मक्खी, गिलहरी, मकड़ी, दीमक आदि।

बच्चो, आपने लिंग के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। अब पुस्तक में दिए लिंग को पढ़ोगे व लिखोगे।

नियम 'ई' लगाकर

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| नर | नारी | बेटा | बेटी |
| मुरगा | मुरगी | बकरा | बकरी |
| पुत्र | पुत्री | रस्सा | रस्सी |



Scanned with CamScanner

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, लिंग)

'इया' लगाकर

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| चूहा | छुहिया | बेटा | बिटिया |
| बंदर | बंदरिया | बूढ़ा | बुढ़िया |
| डिब्बा | डिबिया | चिड़ा | चिड़िया |

'आनी' जोड़कर

| | | | |
|---|---|---|---|
| नौकर | नौकरानी | देवर | देवरानी |
| ठाकुर | ठकुरानी | क्षत्रिय | क्षत्राणी |
| सेठ | सेठानी | जेठ | जेठानी |

'आ' जोड़कर

| | | | |
|---|---|---|---|
| छात्र | छात्रा | वृद्ध | वृद्धा |
| महोदय | महोदया | शिष्य | शिष्या |
| अध्यक्ष | अध्यक्षा | आचार्य | आचार्या |

'आइन' जोड़कर

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंडित | पंडिताइन | लाला | ललाइन |
| गुरु | गुरुआइन | हलवाई | हलवाइन |

'नी' जोड़कर

| | | | |
|---|---|---|---|
| मोर | मोरनी | शेर | शेरनी |
| जाट | जाटनी | मास्टर | मास्टरनी |
| ऊँट | ऊँटनी | सिंह | हनी |

'इका' जोड़कर

| | | | |
|---|---|---|---|
| दर्शक | दर्शिका | गायक | गायिका |
| नायक | नायिका | शिक्षक | शिक्षिका |
| लेखक | लेखिका | बालक | बालिका |

Scanned with CamScanner

कक्षा - सातवीं    शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण ('अनेक शब्दों के लिए एक शब्द'; 'लिंग')

'इनी' जोड़कर

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| हाथी | हथिनी | स्वामी | स्वामिनी |
| तेजस्वी | तेजस्विनी | तपस्वी | तपस्विनी |
| यशस्वी | यशस्विनी | अधिकारी | अधिकारिणी |

'मती / वती' जोड़कर

| | | | |
|---|---|---|---|
| बुद्धिमान | बुद्धिमती | श्रीमान | श्रीमती |
| रूपवान | रूपवती | भगवान | भगवती |
| गुणवान | गुणवती | धनवान | धनवती |

'ता' को 'त्री' में बदलकर

| | | | |
|---|---|---|---|
| दाता | दात्री | अभिनेता | अभिनेत्री |
| कर्ता | कर्त्री | नेता | नेत्री |
| निर्माता | निर्मात्री | वक्ता | वक्त्री |

कुछ स्त्रीलिंग शब्दों के रूप भिन्न होते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुरुष | स्त्री | पति | पत्नी |
| विधुर | विधवा | राजा | रानी |
| वीर | वीरांगना | वर | वधू |
| ससुर | सास | कवि | कवयित्री |
| बैल | गाय | सम्राट | सम्राज्ञी |
| विद्वान | विदुषी | भाई | बहन |

कुछ पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग शब्द क्रमशः 'नर' तथा 'मादा' जोड़कर बनाए जाते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| नर गिलहरी | गिलहरी | नर चील | चील |

कक्षा- सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण ('अनेक शब्दों के लिए एक शब्द', 'लिंग')

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| भालू | मादा भालू | नर चील | चील |
| नर छिपकली | छिपकली | कछुआ | मादा कछुआ |
| मगरमच्छ | मादा मगरमच्छ | खरगोश | मादा खरगोश |

विशेष :- कुछ शब्द स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों रूपों में प्रयोग किए जाते हैं; उदाहरण - राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, चित्रकार, खिलाड़ी, पत्रकार, डॉक्टर आदि।

बच्चो! सभी प्रकार के लिंग परिवर्तन आपको करा दिए गए हैं।

गृहकार्य :- सब बच्चे इस कराए गए कार्य को लिखेंगे व याद करेंगे।

धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ -7)

Scanned with CamScanner